खबर संक्षेप

## वर्ष 2023-24 में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के 247 प्रकरण दर्ज

**मण्डला।** कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा खनिजों की खदानों से राज्यांश एवं अनिवार्य भाटक के रूप में 15.97 करोड़ रूपए का खनिज राजस्व की प्राप्ति किया गया है। इसके अतिरिक्त म०प्र० ग्रामीण अवसंरचना तथा सड़क विकास कर के रूप में 35.19 लाख रू. की प्राप्ति हुई है। अन्य मदों जैसे जिला खनिज प्रतिष्ठान में 2.54 करोड़ तथा टी०सी०एस० में 28.04 लाख की प्राप्ति की गई है। इस प्रकार विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष में कुल 18.79 करोड़ का खनिज राजस्व अर्जित किया गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर के मार्गदर्शन में खनिज विभाग मण्डला द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियां की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा अवैध उत्खनन के 40 प्रकरण में अर्थदण्ड के रूप में 10.58 लाख रू., अवैध परिवहन के 179 प्रकरण में 66.88 लाख रू. तथा अवैध भण्डारण के 28 प्रकरण में 4.32 लाख रू. की वसूली की गई है। इस प्रकार विभाग द्वारा पूर्व वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 247 प्रकरण दर्ज करते हुये 81.78 लाख रू. शासन मद में जमा कराया गया है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग के लिए निर्धारित प्रदेश स्तर खनिज राजस्व लक्ष्य 10000 करोड़ रू. के विरूद्ध 10025 करोड़ की प्राप्ति की गई है।

### खनिज माफियाओं के आगे नतमस्तक है जिला प्रशासन

# नदियां हो रही छलनी, नियम दरकिनार

*** हिरदेनगर में बंजर नदी से खुलेआम हो रहा रेत का अवैध खनन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले में अवैध शब्द आम हो गया है, चाहे वह शराब का अवैध कारोबार हो या खनिज सम्पदा का अवैध खनन, परिवहन या जिले में संचालित अवैध गतिविधियां। इन अवैध कारोबारियों पर जिला के उच्चाधिकारी लगाम नहीं लगा पा रहे है। जिससे इनके हौंसले बुलंद है। इन अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है।



### जहां खदान स्वीकृत नहीं वहां से भी निकाली जा रही रेत

ज्ञात हो कि जिले से होकर गुजरने वाली नर्मदा, बंजर नदी, हालोन समेत अन्य सहायक नदियां मंडला जिले की जीवन रेखा है। इन नदियों में रोजाना रेत का अवैध खनन का खेल लगातार जारी है। नदियों में अवैध रूप से चल रहे रेत उत्खनन कार्य से जहां शासन को लाखों रुपए की रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही नदियों के अस्तित्व पर संकट भी गहराता जा रहा है। कई जगह नदियों में रेत के अवैध उत्खनन इतना अधिक हो रहा है कि इसका असर वहां के लोगों के जनजीवन पर दिखने लगा है। रैनी सीजन में रेत के उत्खनन पर रोक लग जाती है लेकिन मंडला जिले में रैनी सीजन में भी रेत का खेल बेखौफ चलता है। रेत का अवैध उत्खनन कराने वालों के हौसले इतने बुलंद है कि उन्हें किसी का डर नही है।



जानकारी अनुसार आदिवासी बाहुल्य मंडला में इन दिनों खनिज माफिया शराब माफिया और रेत माफिया का तांडव चरम सीमा में दिखाई दे रहा है। जिले के मुखिया को छोड़कर सभी अधिकारी कर्मचारी इन माफियाओं से अपना निजी स्वार्थ सिद्ध कर इन्हें खुला संरक्षण दे रहे है। जिस तरह भारत देश सोने की चिड़िया कहा जाता था और उसे अंग्रेज और मुगलों ने बर्बाद कर लूट लिया उसी तर्ज में मंडला जो कि आदिवासी बाहुल्य जिला है और प्रकृति संपदा से पटा हुआ है, लेकिन जिले में अंगद के पैर की तरह जमे अधिकारी, कर्मचारी और बाबू राज के चलते करोड़ों रूपयों की खनिज संपदा की चोरी प्रतिवर्ष हो रही हैं। जिले के अनेक नदी, नालों से खनिज संदपा का अबैध उतखन्न जोरो से जारी है।

### दर्जनों ट्रेक्टरों की लगी कतारें

बता दे कि गर्मी के दिनों में नदी में पानी कम हो गया है। जिसके कारण रेत की निकासी भी आसानी से हो रही है और रेत चोर सक्रिय हो गए हैं। हिरदेनगर के आसपास धड़ल्ले से रेत उत्खनन व परिवहन किया जा रहा है। जिसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शुक्रवार को हिरदेनगर में बंजर नदी से रेत निकासी के लिए दर्जनो ट्रेक्टर की कतार लगी रही। जबकि यहां कोई भी खदान स्वीकृत नहीं है। इसके बाद भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। वाहनों की कतार देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि रेत चोर किस तरह बिना किसी भय के रेत की निकासी कर रहे हैं।

### दूरी बचाने के लिए रेत की चोरी

बताया गया कि जिले की 25 रेत खदानों की निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ठेका करीब 32 करोड 58 लाख में किया गया है। अनुबंध के बाद खदानों का संचालन कंपनी ने शुरू कर दिया है। हालांकि घुघरी क्षेत्र की खदानें शुरू नहीं हुई हैं। भापसा सिलगी आदि खदानो से रायल्टी जारी की जा रही है। इसके बाद भी दूरी बचाने के लिए ट्रेक्टर चालक नजदीक से रेत निकाल रहे हैं। गर्मी के समय में पानी कम होने से आसानी से रेत निकाली जा सकती है। ज्यादातर निर्माण भी गर्मी के दिनों में शुरू होते हैं। जिसके कारण रेत की डिमांड बढ़ गई है। जहां रेत थोड़ी बहुत मात्रा में है वहां से भी रेत उत्खनन किया जा रहा है। जिससे नदी का अस्तिव भी खतरे में नजर आ रहा है।

### बेलगाम भागते है ट्रेक्टर

बताया गया कि हिरदेनगर में बंजर नदी से बड़ी मात्रा में रेत की निकासी की जा रही है। शहर के नजदीक होने के कारण परिवहन समय पर हो जाता है। वाहन में डीजल भी कम लगता है। जिसका फायदा ट्रेक्टर संचालक उठा रहे हैं। चोरी से रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर भी बेलगाम गति से भाग रहे हैं। जिससे पदमी, कौरगांव आदि गांव के रहवासी ट्रैक्टर की धमाचौकड़ी से परेशान है। ट्रेक्टरों में रेत भी ओरवलोड की जा रही है। जिससे सड़क पर रेत गिरने से वाहन चालक फिसल रहे हैं।

### सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे खनिज अधिकारी

ज्ञात हो कि हिरदेनगर के बंजर नदी में पीपल घाट के पास से रेत निकासी की खबर शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल हुई। खबर वायरल होने के बाद भी संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर नहीं पहुंचे। बता दे कि रेत चोरी की सूचना देने के काफी देर बाद खनिज अधिकारी मौके पर पहुंचे। तब तक रेत चोर सक्रिय हो गए और ट्रेक्टर लेकर भाग गए। मौके पर मात्र एक ट्रेक्टर मिला। जिस पर कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने ट्रेक्टर को हिरदेनगर पुलिस की अभिरक्षा में रखा है। सूत्रों की माने तो रेत के अवैध उत्खनन में ठेकेदार समेत संबंधित अधिकारी का भी संरक्षण है। जिसके कारण यह दिन में ही बेखौफ होकर नदी में ट्रेक्टर को उतारा जा रहा है और रेत निकाली जा रही है।

## पिपरिया में चल रहा सट्टा, पुलिस की कार्य प्रणाली लचर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

नवागत निवास थाना प्रभारी पुष्पकरण मुवेल ने निवास सहित आसपास के ग्रामों के सटोरियों को थाने में बुलाकर समझाईस दी थी कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने कोई भी अवैध गतिविधियां व खेल संचालित नहीं होंगे और यही कारण रहा की कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीक रहा लेकिन निवास मुख्यालय को छोड़ नजदीकी बाजार ग्राम पिपरिया में सट्टा व अन्य असंवैधानिक कार्य फिर से सुचारू रूप से चलने लगे हैं।

शाम होते ही निडर सट्टाबाज इत्मीनान से जुवे की महफ़लि जमाकर मन्ना और पट्टी लिखने सहित ऑन लाइन ओपन क्लोज के नंबरों में लगौड़ी ले रहे हैं जिसके चलते रातों रात करोड़पति बनने के ख्वाब पाले नवयुवक बर्वाद हो रहे हैं, ऐसे खेलों में ही खिलाड़ी अपनी जमा पूंजी गवाने के बाद अपराध की दुनियां में प्रवेश होने मजबूर हो जाता है और चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने लग जाता है।

हाल के बीते महीने में ही निवास पुलिस द्वारा कुछ सटोरियों को पकड़कर निवास थाना लाया गया था और पुष्ट सूत्र यह भी बता रहे हैं कि उक्त सटोरियों को छुड़ाने की पैरवी करने में एक कथित समाजसेवी का हाथ था जिसने सटोरियों को बेख़ौफ़ सट्टा खिलाते रहने और पुलिस को कथित तौर से मैनेज करने के नाम पर संबंधित से बड़ी रकम भी ले रखी थी, उक्त मामले में हकीकत जो भी हो पर यह मामला क्षेत्र में दबे छुपे जनचर्चा का विषय बना हुआ है।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर जिले के बूथों पर फहराया गया पार्टी का ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को जिले में उल्लास पूर्वक मनाया गया। जिला कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पार्टी का ध्वज फहराया। इसके अलावा जिले के बूथों पर कार्यक्रम हुए। मंडलों के बूथों में भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया गया।

लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ग्राम जेवरा में स्थापना दिवस के कार्यक्रम में हुए शामिल।





भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बबलिया मंडल के ग्राम जेवरा में भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते बूथ कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली अतीत, विस्तार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और गरीब कल्याण की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा कर भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 23 गांवों में पहुंचा मतदाता जागरूकता का रथ



**मण्डला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता रथ के जरिये प्रचार किया जा रहा है। शनिवार को प्रचार वाहन जिले अलग-अलग अंचलों के 23 ग्रामों में पहुँचा। वाहन के द्वारा गीत, लोकगीत और स्थानीय बोली की कविताओं के माध्यम से शत प्रतिशत और नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंडला से रवाना होकर कटरा, गाजीपुर, तिंदनी, फूलसागर, बम्होरी, सागर, बकौरी (बाजार), खारी, रमपुरी, साजपानी, बबलिया, जेवरा, जुझारी, देवडोंगरी, सिंगपुर, निवास, बिझौली, अमगंवा, बिसौरा, देवहरा से वापस निवास से पाठा, पायली, बाहुर से पिपरिया (बाजार) होते हुए वापस मंडला पहुंचा। जागरूकता वाहन प्रचार करते हुए शनिवार को ग्राम बकोरी और पिपरिया के साप्ताहिक हाट बाजार पहुँचा। बाजार में भीड़-भाड़ वाले इलाके में मौजूद लोगों को स्थानीय बोली में जागरूकता गीतों के माध्यम से प्रेरित किया गया।

## बढ़ते तापमान के साथ विद्यालय में घटती जा रही बच्चों की उपस्थिति

*** ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने सुबह की पाली में स्कूल संचालित करने की मांग की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अप्रैल के महीने की शुरुआत में ही दोपहर में चलने वाली गर्म हवा लू चलने का एहसास कराने लगी है। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हो चुका है। लेकिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति नगण्य हो गई है। काफी विद्यालयों में सभी कमरों में पंखों की उपलब्धता नहीं है। जिससे कम संख्या में उपस्थित बच्चे और शिक्षक दोनों बड़ी बैचेनी से विद्यालय में दिन गुजार रहे हैं। बढ़ती गर्मी के कारण ज्यादातर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 50% से भी कम रह रही है, जिससे एक ओर चाहने के बाद भी शिक्षक पाठ्यक्रम की शुरुआत नहीं कर पा रहे वहीं दूसरी ओर पहली से आठवीं तक के बच्चों को शासन की मध्यान्ह भोजन योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। दोपहर की भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए कई जिलों में सुबह की पाली में विद्यालय लगाने की पहल शुरू हो गई है दमोह और बालाघाट जिले म। विद्यालय लगाने का समय प्रातः काल कर दिया गया है ट्रायबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के महिला विंग जिलाध्यक्ष मीना साहू, जिलाध्यक्ष दिलीप मरावी, प्रांतीय प्रवक्ता संजीव सोनी जिला प्रवक्ता अभित गुप्ता ने जिला प्रशासन से बच्चों और शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए सुबह की पाली में विद्यालय संचालित करने की मांग की है। इससे जहां एक ओर बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन का लाभ भी बच्चों मिल सकेगा। इससे शिक्षक भी बच्चों को पाठ्यक्रम की पढ़ाई करा सकेंगे, जिससे समय में पाठ्यक्रम पूरा कराने के साथ ही समय पर अगामी परीक्षा की तैयारी करा सकेंगे। कुल मिलाकर देखा जाए तो बढ़ती गर्मी को देखते हुए सुबह की पाली में विद्यालय संचालन से 100% बच्चों को फायदा ही होगा।

**बैठक** | **17 अप्रैल को निकलेगी सनातन धर्मोत्सव परिवार की वाहन रैली।**

# रामनवमीं में राममय होगा मण्डला

*** हजारों लोग वाहन रैली में होंगे शामिल, एम्बुलेंस की भी होगी व्यवस्था।**

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/

जिले की धार्मिक संस्था सनातन धर्मोत्सव परिवार मंडला विगत आठ वर्षों से प्रतिवर्ष रामनवमी के पावन अवसर पर दोपहिया वाहन रैली का आयोजन कर रही है। वाहन रैली की रूपरेखा बनाने के लिए विगत दिवस खेरमाई मंदिर बिंझिया में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सनातन धर्मोत्सव परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बता दे कि सनातन धर्मोत्सव परिवार की वाहन रैली को भव्य बनाने के लिए रामनवमी तक लगातार बैठकें आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा आरती के बाद वाहन रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव दिए गए और एकमत होकर निर्णय लिया गया।



बैठक में उपस्थित सनातन धर्मोत्सव परिवार के सदस्य रंजीत कछवाहा ने बताया कि मंडला जिले के ग्रामीण और शहरी अंचल में स्थित सभी मंदिर प्रमुखों और रामभक्तों से निवेदन किया है कि हिंदू नववर्ष के दिन से सभी अपने घरों में भगवा ध्वज फहराएं और मुख्य मार्ग में पतंगी लगाकर सजाए। इसके साथ ही अपने आस पास के मंदिरों को भी सजाकर भव्यता प्रदान कर, नियमित पूजन करें।

### महाप्रसाद भंडारा का होगा आयोजन

सनातन धर्मोत्सव परिवार के सदस्य अज्जू ठाकुर ने बताया इस बार करीब 1000 भक्तों के लिए वाहन रैली के पूर्व सुबह 8 बजे चाय नाश्ता की व्यवस्था की जाएगी। इसके बाद रैली के समापन पर दोपहर करीब 01 बजे महाप्रसाद भंडारा किया जाएगा। इन्होंने बताया कि करीब 02 हजार भक्तों के लिए पूरी, सब्जी, खीर और पुलाव की व्यवस्था की जाएगी। इस बार अयोध्या में रामलला विराजे हैं, जिससे पूरा देश राममय हो गया है और इस बार की रामनवमी में वाहन रैली में भी रामभक्तों की संख्या सबसे ज्यादा होने की उम्मीद है। आयोजन स्थल बड़ी खेरमाई मंदिर बिंझिया की सजावट सनातन धर्मोत्सव परिवार के द्वारा किए जाने के लिए सभी की सहमति बनी है।

### रैली में की जाएगी एम्बुलेंस की व्यवस्था

सनातन धर्मोत्सव परिवार के सदस्य अरविंद (बंटी) ठाकुर ने सुझाव दिया है कि इस बार तेज गर्मी होने के कारण सुबह 9 बजे वाहन रैली प्रारंभ की जाना जरूरी है क्योंकि लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय की जाती है जिसमें बुजुर्ग, मातृशक्तियों के साथ छोटे बच्चे भी होते हैं। एम्बुलेंस की व्यवस्था किए जाने के लिए जिला प्रशासन को सूचना दिया जाना भी जरूरी है।

### तेज हॉर्न वाले वाहन रैली में ना करें शामिल

बैठक में सबने एकमत निर्णय लिया गया कि आचार संहिता के चलते दिए गए दिशा निर्देश का पालन करने के साथ अनुशासन बनाए रखने के लिए युवाओं को तेज हॉर्न वाले वाहनों को सम्मिलित करने की अनुमति नहीं होगी। विगत वर्ष की वाहन रैली में करीब 05 हजार की संख्या थी और इस बार संख्या बढने की उम्मीद जताई गई है। इसलिए अनुशासन व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिला प्रशासन और समिति के व्यवस्था प्रमुख टीम को ठोस निर्णय लिए जाने पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में अजीत सिहानी, किशोर रजक, रंजीत कछवाहा, मयंक साहू, ओमकार रजक, अजय सिंह ठाकुर, प्रखर श्रीवास, आदित्य चौकसे, आकाश प्रताप राजपूत समेत अन्य सनातन धर्मोत्सव परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## मजदूरों की कमी के चलते मशीनों मे हो रहा कृषि कार्य

**गाडरवारा।** आमतौर पर शहर मे अरसे से मजदूरो की कमी की स्थिति चल रही है, किन्तु आसपास के गॉवों से मिल रही खबरो के अनुसार अब गॉव के किसान भी जरूरत पड़ने पर मजदूरो की तलाश मे भटकने मजबूर हो होना पड़ता है क्योंकि सरकार द्वारा चलाई गई योजना के चलते जहां मजदूर वर्ग खुश नजर आ रहा है, वही दूसरी ओर खेतों में कार्य करने जिसमें प्रमुख रूप से गन्ना फसल की कटाई के लिये किसानों को बाहर के ठेकेदारों के माध्यम से दूरदराज शहरो से मजदूर बुलानें पड़ रहे है, इस कारण स्वाभाविक है कि किसानी की लागत मे और अधिक इजाफा हो गया है, किसानों की माने तो रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन की वजह से गॉव के स्थानीय मजदूरो का टोटा हो गया है, हालत यह है कि आवश्यकता पड़ने पर गॉव के मजदूरो को महँगी मजदूरी देकर काम कराने की भी नौबत आने लगी है, बताया गया है कि इन दिनों क्षेत्र के धान वेल्ट वाले गॉवों मे मशीनों से धान की कटाई, गहाई या हर्वेस्टर से धान की कटाई कराकर किसान मजदूरो की कमी की चुनौती का सामना कर रहे है।

## बाजार में छले जा रहे उपभोक्ताओं का भगवान ही मालिक, पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है, जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है, यह बात अपनी जगह सही है किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुपचाप बिना मोलतोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है, जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है, जिसका नतीजा है कि उपभोक्ता ठगे जा रहे है और कई तरीकों से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है? बाजार में पत्थरो के बॉटो का चलन बरकार है, डिब्बे सहित मिठाईयॉ तौली जा रही है, एक ही चीज पर विभिन्न तरह के लेबिल लगाकर उन्हे बेरोक टोक बेचा जा रहा है? लुभावने विज्ञापनो के जरिए बिना गारंटी की वस्तुएॅ थमायी जा रही है। यही नहीं कोई भी सामान खरीदने पर आमतौर पर व्यापारी पक्का बिल देने से कतरा रहे है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है, वही दूसरी ओर इन बातों से अंजान बना प्रशासन मूक दर्शक बनकर उपभोक्ताओं के हितों पर लगातार प्रहार होने का तमाशा देख रहा है, जिसके चलते आये दिन आम उपभोक्ता लुटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है...?

## पुलिस की संपत्ति को पहुंच रही क्षति, पुलिस बनी है बेखबर

**गाडरवारा।** जहां एक ओर लोगों द्वारा पुलिस ने अपनी संपत्ति की रक्षा करने के लिए उम्मीद की जाती है? मगर जब पुलिस स्वयं की संपत्ति की रक्षा करने में असफल जान पड़ रही है तो दूसरो की संपत्ति की रक्षा करने की उम्मीद मात्र कल्पना की समान ही जान पड़ते हुए देखी जा रही है?

### बडे दुर्भाग्य की बात है कि आज तक इस नगर की जीवन रेखा को बचाने के लिये मैदानी तौर पर नहीं किये गये कोई ठोस प्रयास

# अपने आस्तित्व को बचाने के लिये संघर्ष करती हुई दिखाई देने लगी शक्कर नदी





### डेम निर्माण की बात सुनते सुनते बच्चे पहुंचे बुजुर्ग होने की कगार पर ....

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर की जीवन रेखा मानी जाने वाली शक्कर नदी इन दिनों अपनी दुर्दशा की कहानी बयॉ करते हुए अपनी अंतिम सांसे लेते हुये अपने आस्तित्व को बचाने के लिये जूझते हुये दिखाई देने लगी है.? यदि इस नगर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस नदी से नगर की अनेक यादे जुडी होने के साथ साथ नगर का नाम भी रोशन रोशन करने से नही चूकती है। मगर हैरत की बात है कि आज तक इस नगर की धरोहर को बचाने के लिये शायद ही कभी किसी नेता को मैदान तौर पर प्रयास करते हुये देखा गया हो..? यह बात अलग है कि हर वर्ष नगर के कुछ समाजसेवी युवाओं द्वारा अपनी पहल करते हुये नदी की टूटती हुई सांसों को बचाने की सोच रखते हुये बोरी बंधान बनाते हुये कुछ हद तक बचा लिया जाता था जिसके चलते गर्मी के दिनों में इस नगर की धरोहर में जल धाराये नजर आती रहती थी। मगर इस वर्ष इस तरह से किसी भी प्रकार के कोई प्रयास नही होने का परिणाम है कि अब यह नदी अपनी अंतिम सांसे लेते हुये नजर आने लगी और जल धाराये समटने के बाद कुछ दिनों के लिये बिदाई लेने की मुद्रा में पहुंचते हुये दिखाई देने लगी है है? कहने के लिये तो इस नदी में डेम निर्माण के लिये अनेकोबार सुना जा चुका है। मगर डेम निर्माण की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित रहते हुये उसके बाद भुला दिये जाने की सच्चाई इस तरह से देखी जा रही है कि शक्कर नदी पर डेम निर्माण की बात को सुनते हुये नगर के बच्चें अब जहां वृद्वा अवस्था में पहुंचने की कगार पर है और वह अपने बचपन से लेकर अभी तक हर वर्ष गर्मी का मौसम आते ही इस नदी को इसी तरह सांसे तोड़ते हुये देखते चले आ रहे है। इस नदी की वर्तमान दुर्दशा की देखते हुए आज तक किसी के द्वारा इस नदी को पुनः उसी स्थिति में लौटाने के लिए प्रयास नही किये गये है जिसके चलते यह नदी अपनी दुर्दशा पर आसू बहाने के लिए अपनी धाराये समेटते हुए देखी जा रही है। नगर की पहचान माने जाने वाली इस शक्कर नदी में पैदा होने वाले तरबूजे, खरबूज पहले गर्मी के दिनों में शहरवासियों के पसंद थें। मगर अब स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उन्हे उपजाने शक्कर नदी में गर्मी के मौसम में पानी ही नही बचता है तो फिर आखिरकार वह तरबूज व खरबूज कैसे पैदा होगे इसी तरह की सच्चाई इस वर्ष भी दिखाई देना शुरू हो चुकी है। कहने के लिये तो इस साल भी डंगरवारियॉ लगी है किंतु एका एक इस नदी का जल स्तर गिरने से उम्मीदे सजा डंगरवारियॉ लगाने वाले भी परेशान दिख रहे है। गौरतलब है कि प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है कि नगर के उत्थान की यादे अपने आंचल में सॅजोने वाली नगर की शक्कर नदी अपने अस्तित्व को लेकर संकट से जूझने मजबूर हो गयी है? फिलहाल इस नदी के घाट पर जो गंदगी फैली है और उसकी दशा मे सुधार नही हो रहा है, उससे शहरवासी आशंकित है कि गाडरवारा शहर के गौरवशाली अतीत की साक्षी शक्कर नदी कहीं विलुप्त न हो जाए ? शहर के अधिकतर निवासियों का कहना है कि नगर की धरोहर शक्कर नदी का सूखना चिंतित करने वाली बात है और यदि प्रभावी उपाय कर इस नदी के सौन्दर्य की रक्षा नही की गयी तो आने वाली नई पीढ़ी को नगर की एक विरासत से हाथ धोना पड़ेगा? शहरवासियों के अनुसार शक्कर नदी का जलस्तर गिरना चिन्ताजनक है। इस नदी के रामघाट की मिट्टी पहले लोग शरीर पर लगा गर्मी के प्रचंड दिनों में शक्कर नदी में स्नान करने का सुख लेते थे पर शक्कर नदी का आकार्षण पहले जैसा नहीं रह गया है। बहरहाल जरूरी है कि शक्कर नदी की दुर्दशा की पड़ताल कर प्रशासन को ऐसे कदम उठाना चाहिए, जिससे शक्कर नदी का अस्तित्व सुरक्षित रह सके। इस संबंध में नगर के जागरूक लोगों का कहना है कि शहरवासी सौभाग्यशाली है कि उन्हे कभी जल संकट का सामना नही करना पड़ा है। मगर अब तो जलावर्धन योजना के तहत उनको नर्मदा जी का पानी भी उपलब्ध कराने की तैयारी हो चुकी है। शक्कर नदी की बदहाली निश्चित ही बेचैन करने वाली है, जिस प्रकार से शक्कर नदी नगर की जीवन रेखा है पर उसकी सच्चाई यह है कि हमेशा उपेक्षित होती जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से गौर किया जावे तो इस नदी में जिस प्रकार से व्यापक पैमाने पर रेत उत्खनन करते हुए अनेक लोग माला माल हो चुके है और आज यह नदी लोगों के लिए सिर्फ एक यादगार के रूप में सामने नजर आ रही है? जबकि गौर किया जावे तो नगर में हर वर्ष जहां करोड़ो के विकास कार्य हो रहे है तो दूसरी ओर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा भी क्षेत्र के विकास को लेकर करोड़ो रूपया की राशि मंजूर कराते हुये क्षेत्र को विकास की गति देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर इस धरोहर को बचाने के लिये आज तक बड़े स्तर पर कोई प्रयास नही होने के कारण वह सदा ही दुर्दशा की शिकार होती चली जा रही है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा माने जाने वाला उद्योग एनटीपीसी स्थापित है यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी पूर्ण इच्छा शक्ति के साथ प्रयास किये गये होते तो निश्चित तौर से एनटीपीसी के सहयोग से इस शक्कर नदी पर डेम का निर्माण हो सकता था। मगर कहा जाता है कि जब किसी में इच्छा शक्ति ही नही होगी तो फिर यह सोच मात्र एक सपना ही साबित होने से नही चूक पायेगी? जबकि देखा जावे तो क्षेत्र में एनटीपीसी के निर्माण से क्षेत्र विकास के नाम पर मात्र चंद भवनों का निर्माण होने के आलवा और कुछ नही हुआ है। वही वह भवन भी मकड़ी के जालों के हबाले दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है। यदि क्षेत्र के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रयास किये गये होते तो निश्चित तौर से एनटीपीसी की मदद से शक्कर नदी पर निर्माण कराया जा सकता था जिससे जहां क्षेत्र का जल स्तर में सुधार होता तो दूसरी ओर क्षेत्रवासियों के लिये एक बड़ी सौगात मिल सकती थी।

# चौगान मंडल के पूर्व अध्यक्ष की मौजूदगी में मनाया स्थापना दिवस



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भाजपा का स्थापना दिवस बीते हुये दिवस चौगान मंडल के पूर्व अध्यक्ष अशोक भार्गव की मौजूदगी में चिरहकला गांव में मनाया गया। बताया जाता है कि इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि रामेश्वर धानक, अनुसूचित मोर्चा महामंत्री अमर धानक सहित अन्य लोग मौजूद थें। इस दौरान भार्गव द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। वही गौर किया जावे तो भाजपा नेता अशोक भार्गव जिस तरह समाज सेवा के रूप में कार्य करते हुये देखे जाते है उसके चलते इस क्षेत्र में लोग उन्हें सम्मान देने से नही चूकते है। युवा नेता अशोक भार्गव द्वारा जहां अपनी पार्टी के हितों को लेकर तो कार्य करते ही है साथ ही साथ हर माह पूर्णिमा के मौके पर यहां से नर्मदा स्नानों के लिये जाने वाले पैदल नर्मदा भक्तों की सेवा में कोई कसर नही छोड़ते है।

## गाडरवारा से पिपरिया की ओर जा रहे चौरसिया ट्रेवल्स की बस पलटने से 5 यात्रियों के घायल होने की खबर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग शासकन की रिकार्ड में जहां स्टैट हाईवे नंबर 22 के रूप में दर्ज है। मगर इस मार्ग की लगातार हो रही दुर्दशा का परिणाम है कि आये दिन घटनाये घटित होना आम बात बने चुकी है। वही दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों को तुरंत उपचार की व्यवस्था की बात पर जहां ऐयर एम्बुलेंस के दाबे करने में कसर नही छोड़ी जा रही है? मगर स्वास्थ्य विभाग की सच्चाई यह है कि जब घटनाये घटित होती है तो मरीजों के नसीब में धरती पर चलने वाली एम्बुलेंस तक उपलघ नही होती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को समीपस्थ ग्राम पनागर के पास नागद्वावरी के समीप उस समय देखने मिली जब गाडरवारा यात्रियों को लेकर जा रही चौरसिया ट्रेवल्स की बस पलट जाने के कारण उसमें सबार पांच यात्रियों को चोटे पहुंचन की खबर है। बताया जाता है कि गाडरवारा से पिपरिया के बीच चलने वाली चौरासिया पारूल ट्रेवल्स की बस क्रमांक एम पी 49 पी 0995 गाडरवारा से सबारी लेकर पिपरिया की ओर जा रही थी। जब यह बस दोपहर के बाद 4.30 बजे के लगभग ग्राम पनागर के समीप नागद्वारी के पास पहुंची तो सामने से आ रही एक चार पहिया वाहन को क्रांसिग करने के दौरान अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। इस दौरान बस में ज्यादा सबारियाँ तो नही बैठी हुई थी। मगर इसके बाद जो भी सबारी बस के अंदर थी वह बस में दब जाने कारण ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। जिसमें दो पुरूषों सहित तीन महिलाओं को चोटे आने के कारण उनकी मदद हेतु शासन की एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी गई तो काफी इंतजार के बाद भी एम्बुलेंस मौके पर नही पहुंची।

## गांवों में लगातार हो रही बिजली की आंख मिचोनी से गर्मी से लोग हो रहे बेहाल

**हरिभूमि न्यूज/भौरझिर।** इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां लोग बेहाल होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर ग्राम भौरझिर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में चल ही बिजली की आंख मिचौली के चलते किसान भी परेशान होते हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि इस समय चल रहे चुनावी माहौल की धूम मची हुई देखी जा रही है तो दूसरी ओर क्षेत्र के सैकड़ो किसानों द्वारा अपने खेतों में गर्मी की मूंग भी बोई गई है। मगर बिजली की अघोषित कटौती के चलते जहां किसानों के खेतों में खड़ी हुई मूंग फसल की सिंचाई नही हो पा रही है तो दूसरी ओर इस दिनों सूरज की तेज तपन जहां 40 के आकडे को पार करते हुये देखी जा रही है। इस दौरान बिजली की कटौती के कारण लोगों की रातों की नींद गायब होने से भी नही चूक पा रही है। सरकार के आदेश अनुसार जहां किसानों के लिये सिंचाई हेतु 8 से 12 घंटे बिजली प्रदान करने की बात कही जा रही है। मगर मुश्किल से चंद घंटे ही बिजली मिलने के कारण किसानों के खेतों में खड़ी हुई मूंग फसल सूखने की कंगार पर पहुंचने के कारण उनके द्वारा लगाई गई लागत पर पानी फिरने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर घरेलू उपयोग के लिये अटल ज्योति योजना के तहत 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराये जाने की बात कही जा रही है। मगर सच्चाई यह है कि सिंचाई और घरेलू बिजली में अब कोई अंतर नही रह गया है।

# संदिग्धों को एक ही नजर में परखने वाले वर्दीधारी ने बाइक के साथ खड़े दो युवकों से जप्त किया भारी मात्रा में गांजा

### पुलिस की धरपकड़ मुहिम से मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वाले हो रहे भूमिगत ..



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि जब वर्दीधारी अपने दायित्वों का निर्वाहन जब निष्ठा के साथ करता है तो उसकी पैनी नजर से अपराधी बच नही पाते है। इन्ही कर्मचारियों में शामिल माले जाने वाली आरक्षक राजेश बागरी की सच्चाई देखने मिलती है कि जब वह किसी भी व्यक्ति पर नजर डालते हुये तो उसकी सच्चाई आंखों ही आंखों खोज डालते है? यही कारण है कि जिस थाने में आरक्षक राजेश को तैनाती होती है तो उसे थाने से मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वाले डेरा समाटना शुरू करने से नही चूकते है। इस बात की सच्चाई बीते हुये कुछ महिनों में जहां करेली सहित तेदूखेडा व डोगरगांव पुलिस थाने में देखने मिलने के बाद अब गाडरवारा पुलिस थाने में दिखाई देने से नही चूक रही है? क्योंकि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अपने वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया सहित उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के मार्ग दर्शन में आरक्षक राजेश बागरी सहित अन्य टीम द्वारा जिस तरह मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ धरपकड़ मुहिम चलाई जा रही है उसके चलते जहां आये दिन आरोपी मादक पदार्थो के साथ पकड़े जा रहे है तो दूसरी ओर इस तरह के अवैध कारोबार से जुडे हुये लोगों में हडकंप की स्थिति भी दिखाई देने लगी। कुछ इसी प्रकार से गाडरवारा पुलिस किसी मामले की जांच हेतु करेली की ओर जा रही थी तो दो युवक मादक पदार्थो के कारोबारियों को एक नजर में पहचाने में माहिर इस वर्दीधारी की नजर से नही बच पाये और पुलिस ने एक नाबांलिग किशोर सहित युवक के पास से बगैर नम्बर की बाइक में ले जाते हुये भारी मात्रा में गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस टीम विवेचना हेतु करेली तरफ रवाना जा रही तो उक्त टीम को करेली से गाडरवारा वापस आते समय शुगर फैक्ट्री के आगे हनुमान मंदिर के समीप ग्राम बोहानी में दो संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकल पर सफेद रंग का थैला रखे दिखाई दिये जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा घेराबंदी करते हुये जब इन युवकों को पकड़ते हुये पूछताछ की गई तो एक नाबांलिग किशोर था तथा दूसरे ने अपना अपना नाम रंजीत पिता दलपत सिंह रजक उम्र 32 वर्ष निवासी दवकिया थाना गोटेगॉंव जिला नरसिंहपुर बताया गया। वही पुलिस द्वारा इन लोगों के पास रखे हुये थेले की तलाशी ली गई तो उसके अंदर पुलिस को 6 किलो 180 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा मिला पाये जाने पर बगैर नम्बर को मोटर साईकिल सहित गांजों जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है। इस तरह पकड़े गये गांजे की कीमत जहां 1 लाख आकी जा रही है तो जप्त की गई मोटर साईकिल की कीमत 70 हजार रूपया। इस तरह बाइक के माध्यम से गांजा लेकर जा रहे आरोपियों को पकड़ने में अहिम भूमिका एस आई प्रिंसी साहू, ए एस आई राकेश दीक्षित, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी व राकेश झा के आलवा रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू, राम गोपाल, अखिलेश पटैल, सुजीत बागरी, सिद्वार्थ मिश्रा, अभिषेख सूर्यवंशी, नीरज डेहरिया की बताई जाती है।

# मौसम अनुकूल न रहने से फसलों पर हर वर्ष पड़ रहा है दुष्प्रभाव



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** किसान की जिंदगी परिश्रम की पर्याय होती है, यदि खेती की अनुकूल परिस्थितियाँ हो तो अन्नदाता कृषक से ज्यादा भाग्यशाली किसी भी वर्ग का व्यक्ति नहीं माना जाता? क्योंकि खेत किसान की आत्मा में बसे होते हैं जिन पर फसल लहलहाने की आस वह सदा अपनी आंखों में संजोए रखता है, लेकिन यदि मौसम साथ न दे तो किसानों की उम्मीदें किस तरह टूट जाती हैं। इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के ग्रामीणांचलों में साफ तौर पर देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय जहां किसानों के खेतों में गेंहू, चना, मसूर सहित अन्य फसले तैयार होकर खड़ी हुई है तथा कटती चली जा रही है। मगर वही दूसरी ओर आये दिन आसमान पर बादलों को डेरा जमने के कारण किसानों की रात की नींद गायब हो चुकी है? क्योंकि विगत पांच वर्षो से जहां किसान प्राकृतिक आपदा से जूझते हुए अपनी फसले खराब होने के कारण परेशान चल रहा है, वही दूसरी ओर इस वर्ष किसानों को उम्मीद थी कि शायद उसकी फसले अच्छी पैदा होगी मगर इस वर्ष भले ही फसलों के ऊपर तो विशेष तौर से कोई प्राकृतिक आपदा नही पड़ी मगर मानव जीवन पर आई प्राकृतिक आपदा ने निश्चित ही किसानों को परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि इस समय फसलों की कटाई का सीजन चल रहा है। मगर धूप की तेज तपन के दौरान अपनी फसल काटने के लिये परेशान होना पड़ रहा है। वही दूसरी ओर प्रतिदिन बन बिगड रहे मौसम के कारण किसानों को अपने खेतों से फसल उठाने के लिये दिन रात एक करते हुये देखा जा रहा है। क्योंकि जिस प्रकार से बीते हुये एक पखबाडे से आसमान पर छा रहे बादलों ने अन्नदाताओं की रात की नींद गायब कर दी है। इस तरह प्रतिदिन बन बिगड़ रहे मौसम के चलते इस समय किसान किसी भी प्रकार से खेतों से फसल की कटाई करते हुये थ्रेशिंग करने में जुटा हुआ दिखाई दे रहा है। अक्सर देखा जाता है कि जहां किसानों को लगातार प्रकृति की मार झेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर जब किसानों को अपने खेतों में बोनी करने का अवसर आता है तो उस समय भी जहां किसानों को खाद सहित अन्य जरूरी सामग्री की कमी आने के कारण वह समय पर नही मिलने के चलते मजूबरी बस किसानों को महंगे दामों में कालाबाजरी के माध्यम से खरीदेते हुए अपनी फसले बोना पड़ती है। वही दूसरी ओर इस समय भी मजदूर नही मिलने के कारण किसानों को अपनी फसले मंहगे दामों में कटवाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में चलते किसानों द्वारा फसल तैयार करने में लगाई गई अपनी लागत भी खड़ी कर पाना मुश्किल हो रहा है।

# आखिरकार इस तरह नियम विरूद्व होर्डिंग्स लगाने वालों पर प्रशासन की मेहरबानी पर खड़े हो रहे हैं सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में विकास की गंगा बहाते हुए नगर की सुन्दर बनाने में लगे हुए है। मगर वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते होडिग्स लगाते हुए नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है? जबकि गौर किया जावे तो विगत कुछ समय पूर्व मा. उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार से शहरों में जहां तहां लगे हुए होडिग्स पर नपा प्रशासन को आदेश देते हुए कार्यवाही किये जाने का निर्देश जारी किया गया था। जिसके चलते शुरूआती तौर पर तो स्थानीय स्तर पर नपा प्रशासन द्वारा नगर में जहां तहां लगे हुए होडिग्सों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटा दिया गया था। मगर चंद दिनों बात पुनः देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा उन्ही स्थानों पर फिर अपने होडिग्स खड़े कर दिये गये है, जिसके चलते जहां नगर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है? वही दूसरी ओर सड़कों के किनारे नियम विरूद्व लगे हुए होडिग्सों के चलते आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन रहे है? अनेक जगहों पर लगे हुए बड़े बडे होडिग्सों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सड़कों पर यह सामने दिखाई देने वाली जगह को इस प्रकार से घेर लेते है कि वाहन चालक को सामने से आने वाला वाहन ही दिखाई नही देते है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित होने से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर में जहां तहां खड़े हुए अवैध होडिग्स को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए तो मजबूर होना ही पड़ रहा है तो दूसरी ओर इस तरह होडिग्स लगाने वालों के प्रति प्रशासन क हमदर्दी अनेक सबाल खड़े करते हुये जान पड़ रही है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर जहां मन में आता है वहां पर होडिग्स लगाते हुए किराया तक बसूला जा रहा है जिसके चलते नगर की सुन्दरता बिगड़ रहे है। जबकि बताया जाता है कि कही पर होडिग्स लगाने के लिए नियमानुसार नपा से अनुमति ली जाती है? मगर इस समय नगर में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि बगैर अनुमति के जहां तहां होडिग्स खड़े हुए है? वही दूसरी ओर यदि नपा प्रशासन की कार्य प्रणाली पर गौर किया जावे तो इस ओर नपा द्वारा भी किसी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने का परिणाम है कि अवैध होडिग्स की भरमार देखने मिल रही है, इस प्रकार से नगर में लगे हुए अवैध होडिग्सों को लेकर जहां नपा द्वारा भी मा. न्यायालय के आदेश को दर किनार करते हुए चुप्पी साधी जा रही है? वही दूसरी ओर लोगों द्वारा भी अपने निजी स्वार्थो के चलते नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है।

# प्रतिदिन शहर की सड़कों पर मिट्टी ढ़ोने वाले ट्रेक्टर चालकों की मनमानी के चलते बढ़ रहा धूल का ग्राफ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर की सड़कों पर देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से नियम विरूद्ध ट्रेक्टरों का परि संचालन किया जा रहा है उस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि ट्रेक्टरों के संचालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू होकर आम लोगों तथा नगरवासियों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है? क्योंकि सही मायने में देखा जावे तो नगर की सड़को पर दौड़ने वाले इन ट्रेक्टरों का पंजीयन कृषि कार्य के नाम पर होने के बाद भी उन्हें अन्य दूसरें धंधों में उपयोग होते हुये खुलेआम देखा जाने के बाद भी संबंधित विभाग की चुप्पी नियम विरूध दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर मालिको की मनमानी को बढ़ावा देने से नही चूक रही है? वही यदि इन ट्रेक्टरों के संचालन की स्थिति पर गौर किया जावे तो प्रशासन का ठुल मुल रवैया होने के कारण इन ट्रेक्टर चालको के हौसले बुलंद देखे जा रहे है? इतना नही आये दिन दिखा जाता है कि जब इन ट्रेक्टरों से मिट्टी, रेत व गिट्टी की ढुलाई करते हुए नगर में प्रवेश किया जाता है तो इन ट्रेक्टरों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों द्वारा दौड़ाते हुए देखा जाता है कि जिनके पैर न तो ब्रेक तक पहुंच पाते है और न ही उनकी उम्र वाहन चलाने की होती है? इसके बाद भी प्रशासन की कुम्भकर्णी निंद्रा का परिणाम है कि उनके द्वारा छूट प्रदान किये जाने के कारण यह लोग आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? वही अक्सर नगर की सड़कों पर इन ट्रेक्टरों का संचालन होते हुए उस समय देखा जाता है जब बच्चों के स्कूल छूटने तथा लगने का समय होता है, स समय नगर की सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रेक्टरों की गति को देखते हुए यह जान पड़ता है कि शायद मासूमो का अब भगवान ही मालिक है? वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन ट्रेक्टरों में ढोये जाने वाली मिट्टी को ट्रेक्टर मालिको द्वारा इस प्रकार से ओवर लोडिंग भरते हुए नगर की सड़को पर दौड़ाया जाता है जिसके चलते जब वह मिट्टी सड़को पर गिरने के बाद अन्य छोटे वाहन चालको के लिए खतरा की घंटी बताते हुए जान पड़ती है। क्योंकि सड़को पर गिरने वाली इस मिट्टी के चलते जहां बाइक सबारों को फिसलने का भय बना रहता है तथा इस मिट्टी के धूल में परिवर्तित होने के बाद सड़क को गंदा तो करती ही है साथ ही साथ जब इस मिट्टी से बनी हुई धूल के गुब्बरे बनकर उड़ते है तो लोगों का सांस लेना भी दूभर होने से नही चूकता है।

## खबर संक्षेप

### नीट क्लास का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डिंडोरी और शासकीय कन्या शिक्षा परिसर डिंडोरी में नीट क्लास का निरीक्षण किया। उन्होंने नीट अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा का आयोजन 5 मई 2024 को किया जायगा। जिसमें डिंडोरी जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा में सफलता के लिए जिला प्रशासन छात्रों को नीट की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदान कर रही है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफल होने के मूलमंत्र देते हुए कहा कि परीक्षा का तनाव न लेते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने सभी नीट अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।

### हाउस वोटिंग के लिए मतदान दल को रवाना किया

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने हाउस वोटिंग के लिए मतदान दल को रवाना किया। फार्म 12-डी भरकर घर से ही डाक मतपत्र से मतदान की सहमति देने वाले दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक की आयु के मतदाताओं से मतदान कराने आज सुबह से मतदान दलों का उनके घर पहुँचना प्रारम्भ हो गया है। डिंडोरी जिले में दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे मतदाता जिन्होंने घर से मतदान करने की सहमति फार्म-12 डी भरकर जिला निर्वाचन कार्यालय को दी थी। उनको घर में मतदान की सुविधा दी गयी है। इन मतदाताओं को घर से ही 6 अप्रैल और 7 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। मतदान कराने जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिये मतदान दल गठित किये गये हैं। मतदान दलों के रूट चार्ट की जानकारी चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को भी दी गई है। मतदान के मतदान केंद्र के समान व्यवस्था मतदाता के घरों में की गयी है।

# भीषण गर्मी में लोग पानी को तरसने के लिए मजबूर

### भरी गर्मी में अभी तक नहीं हुई नगर में पिआऊ की व्यवस्था




**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** नगर परिषद शहपुरा जनप्रतिनिधियों की दिलचस्पी अब स्थानीय नागरिकों सहित आने-जाने वाले राहगीरों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी नहीं दिख रही है। इस भीषण गर्मी में नगर परिषद के द्वारा शहर में एक भी प्याऊ घर नहीं खोला गया है जबकि प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों में जगह-जगह प्याऊ घर खोले जाते थे। इस ओर स्थानीय प्रशासन भी कोई रूचि नहीं दिखाई जबकि पानी की आवश्यकता तो सभी को है और भरी गर्मी में प्याऊ व पेयजल नहीं मिलने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### -नगर परिषद शहपुरा की लापरवाही हुई उजागर

इस वर्ष गर्मी अपने चरम पर है और अप्रैल माह का पखवाड़ा गुजरने वाला है। ऐसे में शहर में नगर परिषद शहपुरा द्वारा कोई भी प्याऊ घर नहीं खोला गया है। भीषण गर्मी में स्थानीय व्यापारी जो यहां व्यापार के लिए पहुंचे हो या स्थानीय नागरिक किसी को राहत नहीं मिल पायी है। हद तो तब होती है जब हर प्रकार की व्यवस्था और संसाधन होने के बावजूद पानी जैसे चीज को पैसों में खरीद कर पीना पड़े। स्थानीय नगर परिषद शहपुरा इतनी सक्षम है कि चैक-चैराहे में फीजर और फिल्टर पानी का इंतजाम करा सकती है, पर यह भीषण गर्मी केवल

#### -पानी के लिए भटकते रहे राहगीर

यात्रियों को पानी के भटकते देखा गया है। नगर परिषद शहपुरा, तहसील कार्यालय शहपुरा, सब्जी मंडी, चैकी रोड में भी कुछ स्थानों भी प्याऊ घर खोला जाता था किन्तु इस वर्ष कहीं भी इसकी कोई व्यवस्था नहीं की गई है

#### -जनप्रतिनिधि भी हैं जिम्मेदार

नगर परिषद शहपुरा के पदाधिकारियों का भी इस ओर ध्यान ना देना समझ से परे है। स्थानीय जनप्रतिनिधि तो रोज हर चैक चैराहे और सार्वजनिक स्थनों में पहुंचते ही है बावजूद इसके, भीषण गर्मी को देखते हुए उनके द्वारा राहगीरों के लिए कोई इंतजाम नहीं किया गया है(

#### इनका कहना है

शहपुरा नगर परिषद का लगभग 2 वर्षों से यही हाल है पानी की समस्या बनी रहती है जब से नई नगर परिषद में टीम बैठी है तब से पानी के लिए नगर वासी तरस रहे हैं और शाहपुरा नगर में प्याऊ की व्यवस्था तो बहुत दूर की बात।

**-कैलाश सोनी**
**नगर वासी शहपुरा**

नवरात्रि के दूसरे दिन से नगर में प्याऊ घरों का संचालन शुरू किया जाएगा, इसके साथ ही नगर के वार्डों में चल रही पानी की समस्या के संबंध में जब हमने उनसे सवाल पूछा तो उनके द्वारा कहा गया कि जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी

**-कमलेश बिजेवर**
**सीएमओ शहपुरा**

# करौंदी व शहपुरा में धूमधाम से मनाई गई साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती डिंडौरी जिले के करौंदी व शहपुरा में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। यहां सर्वप्रथम मां कर्मा देवी की सामाजिक बंधुओं ने आरती की। इसके पश्चात झांकियों को ग्राम व नगर भ्रमण कराया गया।
करौंदी में आयोजित मां कर्मा देवी जयंती समारोह में आसपास के साहू बाहुल्य ग्रामों बरगांव, बिलगांव, कंचनपुर, बांकी व अमठेरा से झांकियां एकत्रित हुईं । जिनको ग्राम भ्रमण कराया गया। लोगों ने मां कर्मा देवी की झांकियों का भव्य स्वागत किया।
करौंदी के शिवशक्ति चैक में आयोजित कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों का स्वागत किया गया। समाज की बेटियों के द्वारा धार्मिक गानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। 10 वीं व 12 वीं में 85ः से ज्यादा अंक प्राप्त हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों को साहू समाज मां कर्मा देवी जयंती आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

#### -मेरी मां कर्मा धार्मिक फिल्म के रिलीज होने पर साहू समाज में हर्ष का माहौल

साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां शर्मा के जीवन चरित्र पर आधारित धार्मिक फिल्म मेरी मां कर्मा के रिलीज होने पर साहू समाज ने हर्ष व्यक्त करते हुए फिल्म के डायरेक्टर डी एन साहू सहित उनकी पूरी टीम का धन्यवाद किया है। वहीं करौंदी में आयोजित मां कर्मा देवी जयंती कार्यक्रम के दौरान मेरी मां कर्मा फिल्म के डिण्डौरी जिले के स्टार प्रचारक भीमशंकर साहू का समाज की ओर से सम्मान भी किया गया।
भक्त शिरोमणि कर्मा देवी की 1008 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान करौंदी सहित शहपुरा, बरगांव बिलगांव, ढोढ़ा, अमठेरा, घुंडीसरई, कंचनपुर व अन्य ग्रामों के सामाजिक बंधु भारी संख्या में मौजूद रहे। शहपुरा में कार्यक्रम का आयोजन साहू समाज शिव मंदिर में किया गया। यहां पर भी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में करौंदी व शहपुरा में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

**लोकसभा निर्वाचन 2024**

# मतदान एवं मतगणना के दिन शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु घोषित मतदान एवं मतगणना अवधि के दौरान सम्पूर्ण डिण्डौरी जिले की सीमा तक शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए शुष्क दिवस घोषित किया है।

जिसमें मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घंटे पूर्व से अर्थात दिनांक 17.04.2024 की शाम 06रू00 बजे से दिनांक 19.04.2024 की शाम 06रू00 बजे अथवा मतदान समाप्ति तक व मतगणना दिनांक 04.06.2024 को सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस की अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें तथा देशी मद्य भण्डागार, हेरिटेज मदिरा विनिर्माण इकाई ग्राम-भाखामाल वि.ख.अमरपुर से किसी भी मदिरा का विक्रय अथवा प्रदाय प्रतिबंधित किया गया है। उक्त अवधि में जिले के भीतर किसी भी होटल, आहार गृह, गैरमालिकाना क्लब, मधुशाला में अथवा अन्य किसी सार्वजनिक तथा निजी स्थान में कोई भी स्प्रिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति या अन्य पदार्थ का भी विक्रय-वितरण प्रतिबंधित किया गया है।

**-खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर करेंगे गौरवान्वित**

# राष्ट्रीय स्पर्धा पुणे महाराष्ट्र में जिले के खिलाड़ी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देशन व सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में शालेय खेल कैलेंडर 2023-24 के अनुसार छः स्तर की स्पर्धा विद्यालय, विकास खंड, जिला, संभाग, विभागीय राज्य एवं शालेय राज्य स्तर पर चयनित होते हुए राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन हुआ है।







जिला क्रीड़ा अधिकारी जनजाति कार्य विभाग पी.एस. राजपूत ने बताया कि खिलाड़ी छात्रा सिया मरावी पिता सुनील सिंह, यमुना मसराम पिता राम सिंह कन्या उमावि शहपुरा एवं छात्र सुशील साहू पिता सुनील साहू उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा ने 15 से 19 सितम्बर 2023 तक रग्बी शालेय राज्य स्तरीय स्पर्धा इंदौर में भाग लिए थे। विधा विशेषज्ञों ने खेल कौशल एवं दक्षता को देखते हुए इन्हें मध्यप्रदेश के दल में सम्मिलित किया है। खिलाड़ी प्री नेशनल कोचिंग कैंप 16 से 21 अप्रैल 2024 तक इंदौर में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के चयनित खिलाड़ी रग्बी 19 वर्ष बालक ध्बालिका की 67वी राष्ट्रीय स्पर्धा महाराष्ट्र (पुणे) में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 23 से 24 अप्रैल तक भाग लेंगे। रग्बी कोच रमा साहू के कुशल प्रशिक्षण एवं खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत तथा खेल दक्षता के कारण यह उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय एवं जिला का नाम गौरवान्वित करते हुए प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाली खिलाड़ी छात्रध्छात्रा की उपलब्धि पर डॉ संतोष शुक्ला सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, प्राचार्य यशवंत साहू, डॉ दिनेश श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रभुदयाल पटेल, प्रशिक्षक अनिल लोधी, नवीन खरगाल, रमा साहू, जागेश्वर नंदा, परवेज खान, संध्या बरकडे एवं समस्त विद्यालय स्टाफ खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के तत्वाधान में समीक्षा बैठक का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए शासकीय चंद्रविजय कॉलेज परिसर में बैठक का आयोजन किया। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम एवं एआरओ शहपुरा अनुराग सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।
लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया शासकीय चंद्रविजय कॉलेज में पूरा किया जाना है। निर्वाचन सम्बन्धी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए,जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने निर्वाचन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।
कलेक्टर ने ऑब्जर्वर रूम, जिला निर्वाचन अधिकारी रूम , उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूम,स्ट्रांग रूम, काउंटिंग कक्ष, निर्वाचन अधिकारीयों के लिए व्यवस्था,रुट चार्ट, बस एवं पार्किंग प्रबंधन , संचार व्यवस्था,मीडिया कक्ष, जलपान स्टाल आदि व्यवस्था का का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को अपने कार्यक्षेत्र के बारे में स्पष्टता रखने के निर्देश दिए, जिससे निर्वाचन के दिन कोई भी असमंजस की स्थिति ना हो।
कलेक्टर ने मतदान दल के द्वारा सामग्री वितरण और वापसी से सम्बंधित प्रबंधन और मतदान के दौरान होने वाली अनाउंसमेंट के लिए निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन सम्बन्धी आवश्यक अधोसंरचना को दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए उपस्थित अधिकारियों के साथ कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 850 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई कर लगाया 339200 रूपये का जुर्माना

## 260 से अधिक वाहनों से निकाली गई पदनाम लिखी नंबर नेम एवं झंडे



**अनूपपुर।**

भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसमें निहित निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह के आदेश अनुसार यातायात थाने सहित जिले के समस्त थानो में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चेकिंग के दौरान उक्त अवधि में 260 से अधिक दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों से राजनीतिक पदनाम लिखी नंबर प्लेट एवं झंडा हटाए गए। चेकिंग के दौरान एक वाहन, अनाधिकृत रूप से हूटर लगाए पाया गया। उक्त वाहन मालिक के विरुद्ध 3000 का जुर्माना लगाया गया। चेकिंग के दौरान 11 से अधिक वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई, साथ ही चालानी कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान 36 वाहन ऐसे पाए गए जिनमें विधिवत नंबर प्लेट या नंबर प्लेट नहीं थी, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई तीन वाहन निर्धारित गति से अधिक गति में चलते पाए जाने पर कार्रवाई की गई साइलेंसर मॉडिफाई करवाकर ध्वनि प्रदूषण पर फैलाने पर एक मोटरसाइकिल को जप्त कर साइलेंसर हटवाया जाकर चालानी कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं को काम करने एवं दुर्घटना में मृत्यु की संख्या को रोकने के उद्देश्य माननीय हाई कोर्ट के आदेश अनुसार दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग कर ही वाहन चलाएं जाने के उद्देश्य से निरंतर चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें चेकिंग के दौरान 490 वाहन चालक बिना हेलमेट पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई इसी प्रकार सीट बेल्ट, न लगाए जान पर 256 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। 16 मार्च से 5 अप्रैल तक कुल 850 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

### रंगोली बनाकर मतदान करने का दिया संदेश



**अनूपपुर।**

शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम लहरपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली बनाकर मतदान करने का संदेश दिया इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर सभी मतदाताओं को 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र के दौरान इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.गजेंद्र सिंह ने स्वयंसेवको को मतदान के महत्व के बारे में समझाया उन्होंने हमें अपने विवेक, सजगता के साथ अपने मतदान का इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि देश के निर्माण में हमारा मत महत्वपूर्ण है जो हमारी सहभागिता को सुनिश्चित करता है। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी रासेयो स्वयंसेवक अपने घर के सदस्यों व अपने क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.राजकुमार सिंह, प्रो.संगीता उइके एवं सभी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

## जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने किया ध्वजारोहण

**आज का दिन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आनंद का, उत्सव का, गौरव का दिवस**

भाजपा के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिले भर में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर पार्टी का स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में सम्पन्न हुआ।

नरसिंहपुर।






कार्यक्रम में सर्वप्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी अभिलाष मिश्रा द्वारा पार्टी के झंडे का ध्वजारोहण पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्ति पर सभी के द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम जिला भाजपा अध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य व लोकसभा प्रत्याशी चौ.दर्शन सिंह, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया के विशिष्ट आतिथ्य व नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, विधानसभा संयोजक सुनील कोठारी, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, वरिष्ठ नेता डॉ.अनंत दुबे, विधानसभा प्रभारी अभिजीत महाजन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा सोनी, कार्यालय प्रभारी शब्बीर उस्मानी, किसान नेता एकम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उपस्थित कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 45 वर्ष पूर्व आज के ही दिन हुई थी। हमारे श्रद्धेय नेताओं द्वारा राष्ट्र की जन आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु ही भारतीय जनता पार्टी का निर्माण हुआ है। आज का दिन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए आनंद का, उत्सव का, गौरव का दिवस है। हम अपनी स्थापना के साथ ही समाज में अन्त्योदय के सिद्धांत को लेकर आगे बढ़ रहे है।

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि स्थापना दिवस के कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी नर्मदापुरम भाजपा प्रत्याशी चौ.दर्शन सिंह व पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल ने भी कार्यकतार्ओं को संबोधित कर पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर आगामी चुनाव में प्रचंड बहुमत से भाजपा को विजयश्री दिलाने का आव्हान किया। इस अवसर पर भाजपा की रीति व मोदी जी के कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व शिक्षिका श्रीमति शकुन नामदेव, रचना वर्मा, भारती दीक्षित ने भाजपा जिलाध्यक्ष के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष रमाकांत चौबे व आभार करेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता व मातृशक्ति उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनके सहयोगियों के खिलाफ महंत ने सौंपा धोखाधड़ी का शिकायती पत्र



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत आशुतोष महाराज ने नरसिंहपुर के कलेक्ट्रेट में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) के नाम पत्र लिखकर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों को दिया है ।

जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों पर राज्यसभा सांसद एवं अन्य पद का लालच देकर रुपए ऐंठने का आरोप लगाया है । और इस पूरे मामले में जांच की मांग की है। महंत आशुतोष महाराज का कहना है कि अरविंद केजरीवाल से वह अन्ना आंदोलन के समय से जुड़े हुए हैं लेकिन बाद में उन्होंने अपना रास्ता अलग कर लिया था लेकिन उन्हें फिर राज्यसभा सांसद बनने का लालच दिया गया और इस तरह कई लाख रुपए उनसे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के माध्यम से लिए गए हालाकि ट्रांजैक्शन सीधे तौर पर अनुबंध केजरीवाल के नाम पर नहीं किया गया है । महंत द्वारा पूरी आम आदमी पार्टी पर और उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ईडी से मांग की है कि इस मामले को भी संज्ञान में लेकर अपनी जांच आगे बढ़ाई जाए और एक कथित ऑडियो भी मीडिया के सामने प्रस्तुत किया गया है। जिसमें सांसद बनाने के नाम पर रुपए लेने और आशुतोष महाराज को पद देने की बात कही जा रही है आशुतोष महाराज का ऐसा दावा है कि फोन पर बात करने वाला शख्स जिसने रुपए लिए वह बेहद करीबी विनोद चौधरी नाम का व्यक्ति है जिसे आनलाईन रूपयों का ट्रांजेक्शन किया गया है। इसके अलावा दो आडियो और मीडिया के समक्ष पेश किए जिसमें महंत की बातचीत मनीष सिसौदिया और संजय सिंह से हो रही है ।

# कलेक्टर ने लिया मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दौरान मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण एवं मतदान पश्चात मतदान दलों के मतदान सामग्री की वापसी का कार्य कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में की जा रही तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान सामग्री की पृथक- पृथक व्यवस्था करने, मतदान दलों को लेकर जाने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने, स्ट्रांग रूम से वितरण स्थल तक सामग्री पहुंचाने हेतु दलों का आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मतदान के एक दिन पूर्व एवं मतदान के पश्चात वापस आने वाले दलों को सामग्री वापसी में जमा करने के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो, इसकी पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके लिए काउंटर बनाये जाये। विधानसभावार मतदानदलों के आने एवं जाने का मार्ग हो। उन्होंने समुचित मंडी परिसर की निगरानी के लिए लगाये गये सीसीटीव्ही कैमरों की जानकारी ली। सीसीटीव्ही कक्ष पहुंचकर स्क्रीन पर सभी कैमरों के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने मशीनों की कमीशनिंग कार्य के लिए मंडी शेड में व्यवस्थित बांस- बल्लियों की बैरिकेडिंग, लाइट, कूलर आदि के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा नगर पालिका सीएमओ को समूचे मंडी परिसर एवं पार्किंग स्थल पर साफ- सफाई के लिए निर्देशित किया। यहां मौजूद पर्याप्त सुरक्षा बल की भी जानकारी ली।

# सतधारा एसएसटी चैक पोस्ट पर 6 लाख रुपये से अधिक की राशि जब्त



### उड़नदस्ता दल ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में जिले में एसएसटी चैक पोस्ट बनाये गये हैं, जिसमें गठित टीमों द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। साथ ही वीडियोग्राफी की जा रही है। इसी क्रम में जिले की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के अंतर्गत सतधारा में बनाये गये एसएसटी चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग के दौरान शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 को सेंट्रो कार क्रमांक एमपी 20 सीसी 2064 में अमन जैन डोभी से 6 लाख 40 हजार रुपये नकद राशि जब्त की। जांच के दौरान उनके पास कोई वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं मिलने पर जप्ती की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट परसराम ठाकुर, एसएसटी प्रभारी शिवेन्द्र शर्मा और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिले में लगातार हो रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदान केंद्र क्रमांक 252 में ईपीईएस लोकीपार के शाला परिवार, छात्र- छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता पोस्टर एवं पत्र लेखन के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही छात्र- छात्राओं, शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, ग्रामीण नागरिकों द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ ली गयी। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हौरी कला में विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में छात्र-छात्राओं ने मेंहदी लगाकर मतदाताओं को मतदान के फर्ज को निभाने का संदेश दिया। वही क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौतिया करेली व पीएम शासकीय हाई स्कूल मोहद में किया गया। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपगांव में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

एम.आई.एम.टी. कॉलेज में संचालित एनसीसी कंपनी एवं रासेयो इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने मतदान की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विषय विशेषज्ञ सहायक प्राध्यापक अरविंद कुशवाहा एवं कृष्णकान्त जाटव द्वारा भारतीय लोकतंत्र की प्रासंगिकता एवं चुनाव प्रणाली विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं आभार सहायक प्राध्यापक हेमराज सेन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ मेंबर्स



एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन सर्वाधिक मतदान हेतु शपथ ग्रहण के द्वारा किया गया।

### ये हुए पुरस्कृत

निबंध प्रतियोगिता में शिवानी सोनी को प्रथम पुरस्कार त्रिलोक को द्वितीय पुरस्कार एवं निशा पटेल को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया । चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता कामना लोधी, गायत्री पटेल एवं रिंकी ठाकुर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

# धड़ल्ले से कट रहे जंगल जवाबदार नहीं दे रहे ध्यान

**तेंदूखेड़ा-** इन दिनों बरमान वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बीटों में जंगलों की धड़ल्ले से अवैध रूप से कटाई चल रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी अनुसार बिलहरा के अंतर्गत मंहगवां बीट में इन दिनों जमकर कटाई हो रही है। और जबाबदार कोई उचित ध्यान नहीं दे रहे हैं लोग धड़ल्ले से आरे से सागौन के वृक्षों को कत्लेआम किये चले जा रहे हैं। जंगल में वृक्षों के ठूंठ ही संपूर्ण कहानी स्वयं स्पष्ट कर रहे हैं। वनों की सुरक्षा की दृष्टि से इस पर विराम लगाये जाने की महती आवश्यकता है।



## खबर संक्षेप

### सामूहिक जवारों की स्थापना 13 अप्रैल को

**नरसिंहपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर विगत 26 वर्षों से आयोजित होने वाला जिले के ऐतिहासिक सामूहिक जवारों की स्थापना की कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करने हेतु विगत दिवस सदर मढि?ा प्रागंड़ में सामूहिक जवारा समिति की साधारण बैठक समिति के अध्यक्ष श्री महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी। ज्ञात हो कि नगर वासियों के सहयोग से ऐतिहासिक जवारा स्थापना एवं मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना सदर मढिया प्रांगण में की जाती है यह जिले में आयोजित होने वाला सबसे बडा उत्सव होता है जिसमें जवारों की स्थापना व पूजन अर्चन धूमधाम से किया जाता है इस उत्सव में नगरवासियों सहित आस पास के ग्रामों व शहरों से बडी संख्या में जनसमुदाय एकत्रित होते है जवारों की स्थापना 13.04.2024 को होगी, जवारों का दर्शन 17.04.2024 से होगों, नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. छतर सिंह पटेल की स्मृति में दिनांक 21.04.2024 को नाक, कान छेदन का कार्यक्रम व कन्या भोज आयोजित है एवं जवारों की शोभायात्रा व विसर्जन दिनांक 22.04.2024 को होगा। जवारों की स्थापना का यह 26 वा वर्ष है इस वर्ष उज्जैन के बाबा महाकाल की सवारी के साथ चलने वाले डमरू एवं शंखो से सुसज्जित टीम की प्रस्तुति आर्कषण का केन्द्र रहेगी। दिनांक 17.04.2024 से दिनांक 21.04.2024 अशासकीय विद्यालयों के विद्याथीर्यों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियाँ व स्थानीय कलाकारों के द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी जावेगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु समिति के सचिव श्री महेन्द्र गोस्वामी एवं समिति के सभी सदस्यों के द्वारा नगर के गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में माँ भगवती के दरबार में अपनी हाजिरी लगावे व कार्यक्रम को सफल बनावे।

### खजांची विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



**करेली।** खजांची इंग्लिश स्कूल करेली में आज इस वर्ष की विद्यालय में हुई गतिविधियों जिनमे 1 नवंबर स्थापना दिवस,14 नवंबर बाल दिवस तथा फैंसी ड्रेस गीत गायन एवम नृत्य प्रतियोगिता में सहभागिता लेने वाले 315 छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, उक्त अवसर पर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष मधुसूधन पालीवाल समिति सचिव संजीव खजांची कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल समिति सदस्य एवं समाज सेवी रविंद्र पाल लांबा समिति सदस्य अमित छेड़ा उपस्थित रहे छात्र छात्राओं को पुरुष्कृत कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षक परिवार की सराहनीय भूमिका रही।

### मेजर पराग एवं अण्डर ऑफीसर नंदिनी सम्मानित

**नरसिंहपुर।** एम.आई.एम.टी. कॉलेज की एन.सी.सी. के अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं अण्डर ऑफिसर नंदिनी त्रिपाठी को गुरप हेडक्वाटर जबलपुर स्तर पर क्रमषः बेस्ट ए.एन.ओ. तथा बेस्ट एस.डब्ल्यू केडिट के पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। इस हेतु इन्हे ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर अनूप गजानन बरबरे एवं कर्नल विवेक बटारा, कमान अधिकारी 1 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी जबलपुर द्वारा क्रमषः 4000 एवं 3000 रुपए की नगद राषि एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया है। समस्त महाविद्यालय परिवार ने बधाईयाँ प्रेषित की है।

### शांति बाई का निधन

**करेली ।** महेंद्र वार्ड निवासी श्रीमती शांति बाई रघुवंशी स्वर्गवास हो गया है। आप राजाराम रघुवंशी की माता थी। इनकी अंत्येष्टि मुक्तिधाम करेली में की गई ।